श्री बंशीधर नगर, बुधवार
16.10.2024
अश्विन शुक्लपक्ष चतुर्दशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 54

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:45 बजे
अस्त - 05:48 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 29 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
एसडीओ ने मरीज बनकर किया निरीक्षण >> पेज 03
'भूल भुलैया-3' में नजर आएंगी कियारा आडवाणी >> पेज 04

## सुविचार
जीवन एक ऐसा रंगमंच है, जहां किरदार को खुद पता नहीं कि अगला दृश्य क्या होगा!

## न्यूज अपडेट्स

### रांची डीसी बने वरुण रंजन, पदभार संभाला
**रांची।** चुनाव आयोग की आपत्ति के बाद आखिरकार रांची डीसी को बदल दिया गया है। वरुण रंजन रांची के नये डीसी बनाये गये हैं। रांची के नये डीसी वरुण रंजन ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से पदभार लिया। वरुण रंजन 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वरुण रंजन इससे पहले धनबाद के डीसी थे, लेकिन पीएम के कार्यक्रम में ड्यूटी कोताही बरतने पर उन्हें हटा दिया गया था। चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाए जाने पर आपत्ति जतायी थी। अब मंजूनाथ भजंत्री को जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित मृत्युंजय कुमार वर्णवाल को मनरेगा आयुक्त बनाया गया है।

### तेज धारदार हथियार से युवक की हत्या
**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खामडीह के पूणार्डीह में एक युवक की सोए अवस्था में तेज धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन एवं स्थानीय लोगों ने खोजी कुत्ते से जांच करने की मांग को लेकर 4 घंटे तक डेड बॉडी को उठने नहीं दिया। हालांकि बाद में थाना प्रभारी अंचित कुमार के समझाने पर लोगों का आक्रोश शांत हुआ और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की पहचान इसी टोले के निवासी 24 वर्षीय सकेंद्र साव पिता सरेश साव के रूप में हुई है।

**सत्ता संग्राम** दो चरणों में होंगे विधानसभा चुनाव, 13 व 20 नवंबर को वोट, 23 को रिजल्ट

# पलामू प्रमंडल में 13 को मतदान

बंशीधर न्यूज

**रांची।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि झारखंड में दो चरणों में चुनाव होंगे। पहला चरण 13 नवबंर और दूसरा 20 नवंबर को होगा। पहले चरण में 43 और दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।




### कुल 81 सीटों पर होंगे चुनाव
झारखंड में 81 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। इसमें सामान्य 44, एसटी 28 और एससी 9 सीटें हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव में 2.6 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इसमें 1.29 करोड़ महिला और 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 11.84 लाख है। झारखंड में 20281 क्षेत्रों में 29562 पोलिंग स्टेशन बनेंगे। शहरी क्षेत्रों में 5042 और ग्रामीण क्षेत्रों में 24520 मतदान केंद्र होंगे।




### पहले चरण में 43 सीटों पर होंगे मतदान
कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर।

### दूसरे चरण में 38 सीटों पर होंगे मतदान
राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी।

## महाराष्ट्र में एक चरण में मतदान, झारखंड के साथ ही आयेंगे नतीजे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को दो राज्यों महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। महाराष्ट्र की 288 सीटों के लिए एक चरण में 20 नवंबर और झारखंड की 81 सीटों के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। इसके अलावा आयोग ने 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की है। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ आज दिल्ली के विज्ञान भवन में पत्रकार वार्ता की। इसमें उन्होंने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। चुनाव आयोग की ओर से जारी मतदान कार्यक्रम के अनुसार महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में मतदान होगा। 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और 29 अक्टूबर तक नामांकन किया जा सकता है। नामांकन की जांच 30 अक्टूबर और नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 4 नवंबर तय की गई है। बुधवार 20 नवंबर को सभी सीटों पर एक साथ चुनाव होंगे।



झारखंड की 43 विधानसभा सीटों के लिए पहले चरण में बुधवार 13 नवंबर और 38 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में बुधवार 20 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण के लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नामांकन 25 अक्टूबर, नामांकन की जांच 28 अक्टूबर और नाम वापसी 30 अक्टूबर तक हो सकेगी। वहीं, दूसरे चरण के लिए 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। 29 अक्टूबर तक नामांकन, 30 अक्टूबर को नामांकन की जांच, 1 नवंबर को नाम वापसी होगी। इसके अलावा चुनाव आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और दो राज्यों की दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए भी मतदान कार्यक्रम की घोषणा की है। इसके मुताबिक 14 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की एक वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, उत्तराखंड की एक विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की नांदेड लोकसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा।

महाराष्ट्र में 288 सीटों में से 234 सामान्य, 25 अनुसूचित जनजाति और 29 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। महाराष्ट्र में कुल 9.63 करोड़ मतदाता हैं जिनमें से 20.93 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। आयोग ने राज्य विधानसभा के लिए 52,789 स्थानों पर एक लाख से अधिक मतदान केंद्र बनाए हैं। झारखंड की 81 विधानसभा सीटों में से 44 सामान्य, 28 अनुसूचित जनजाति और 9 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां 2.6 करोड़ मतदाता हैं जिनमें से 66.84 लाख युवा मतदाता है और 11.84 लाख मतदाता पहली बार मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। आयोग ने उनके लिए 20281 स्थानों पर 29,562 मतदान केंद्र बनाए हैं।

### 14 राज्यों की 48 विस व दो राज्यों की दो लोस सीटों पर उपचुनाव 13 को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र एवं झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र एवं केरल की एक-एक लोकसभा सीटों पर उपचुनाव कार्यक्रमों की भी घोषणा की। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के साथ 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। सभी सीटों की मतगणना 23 नवंबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ दिल्ली के विज्ञान भवन में पत्रकार वार्ता में चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। इसके अनुसार 48 विधानसभा सीटों में से सर्वाधिक 9 सीटें उत्तर प्रदेश की हैं। इसके अलावा राजस्थान की 7, पश्चिम बंगाल की 6, असम की 5, बिहार एवं पंजाब की 4-4, कर्नाटक की 3, केरल, मध्य प्रदेश और सिक्किम की 2-2, गुजरात, उत्तराखंड, मेघालय और छत्तीसगढ़ की 1-1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। आयोग के अनुसार 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की वायनाड लोकसभा सीट के लिए बुधवार 13 नवंबर को मतदान होगा।



**48 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव**

14 राज्य, 48 विधानसभा सीटें, जहां उपचुनाव

| राज्य | सीटें | राज्य | सीटें |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 9 | केरल | 2 |
| राजस्थान | 7 | मध्य प्रदेश | 2 |
| पश्चिम बंगाल | 6 | सिक्किम | 2 |
| असम | 5 | गुजरात | 1 |
| बिहार | 4 | उत्तराखंड | 1 |
| पंजाब | 4 | छत्तीसगढ़ | 1 |
| कर्नाटक | 3 | मेघालय | 1 |

**झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू**

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव प्राथमिकता : रवि कुमार

बंशीधर न्यूज



**रांची।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसी के साथ 15 अक्टूबर की शाम साढ़े तीन बजे से राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की 22 अक्टूबर को जारी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव हमारी प्राथमिकता होगी। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी हमारी प्रथमिकता सूची में है। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में मीडिया से मुखातिब थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में तथा दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए नामांकन 25 अक्टूबर तक और दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर होगी। पहले चरण के नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर और दूसरे चरण की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर और दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 01 नवंबर है। पूरी चुनावी प्रक्रिया 25 नवंबर को समाप्त हो जाएगी। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि मतदाताओं को मतदान को लेकर कोई असुविधा नहीं हो, इसे लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। चुनाव कर्मियों को इसे लेकर प्रशिक्षित भी किया गया है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का इंतजार कम हो, इसकी भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग एक एप्प भी जारी करेगा, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केंद्रों की स्थिति मसलन मतदान केंद्र पर कितने लोग मतदान के लिए कतार में हैं, यह जानकारी घर बैठे ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह एप्प बुजुर्ग मतदाताओं के लिए काफी लाभदायक होगा। वहीं, 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को घर से मतदान की भी सुविधा रहेगी। इसके लिए उन्हें फार्म 12 डी भरना होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार में उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं। पत्रकार वार्ता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा और संदीप सिंह भी मौजूद थे।

## वायनाड से प्रियंका होंगी कांग्रेस प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की तरफ से केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी उम्मीदवार होंगी। इसके अलावा पार्टी ने दो विधानसभा सीटों पर भी होने वाले उप चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार केरल की पलक्कड़ सीट से राहुल मनकूटट्टिल और चेलक्कारा - एससी सीट से राम्या हरिदास पार्टी उम्मीदवार होंगी।



उल्लेखनीय है कि आज ही चुनाव आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की है।

# पैर से गोलगप्पे का आटा गूंथते हुए वीडियो वायरल, गोलगप्पे में हार्पिक व यूरिया खाद मिलाने वाला गिरफ्तार



बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** बाजार में गोलगप्पे का पैर से आटा गूंथते वीडिओ वायरल होने पर स्थानीय लोग उग्र हो गये और गोलगप्पे बनाने वाले दो दुकानदारों को घेर लिया तथा गोलगप्पे का पानी बनाने की विधि के बारे में पूछा। इसके बाद जो सच्चाई सामने आई वह काफी चौकाने वाली है। दोनों ने बताया कि वे गोलगप्पे में स्वाद बढ़ाने के लिये हार्पिक एवं यूरिया खाद का भी इस्तेमाल करते हैं। यह सुनते ही लोग और उग्र हो गये। इसी बीच सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस पहुंची और दोनों को बचाया और हिरासत में लेकर थाना ले आई।

**मौसेरे भाई ने खोला राज :** गुपचुप बनाने वाले अरविन्द यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके मौसेरे भाई अंशु एवं राघवेन्द्र से झगड़ा हुआ था। इसके बाद उन लोगों ने पैर से मैदा गूंथते हुये वीडिओ बना लिया और वायरल कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि हिरासत में लिये गये दोनों उत्तर प्रदेश के हैं। इनमें एक झांसी जिला स्थित पूंछ थाना के सेसा गांव निवासी हर प्रसाद यादव का पुत्र अरविन्द यादव एवं जालौन जिला के चुरकी थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी मंगल लाल का पुत्र सतीश कुमार श्रीवास्तव है। थाना प्रभारी ने कहा कि इनके पास से एक सफेद रंग का फिटकिरी जैसा ठोस पदार्थ केमिकल मिला है। जिसे थोड़ा सा लगभग आधा चम्मच पूरे बाल्टी में डालने पर पूरा पानी खट्टा हो जाता है। इसे मेडिकल लैब में भेजा जायेगा। वर्तमान में इनके परिजन को बुलाकर बॉन्ड लिखवाया जायेगा, अगर सफेद पदार्थ हानिकारक निकला तो दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि वे लोग गढ़वा के किराना दुकान से सफेद केमिकल खरीदते हैं, इसकी भी जांच कराई जायेगी।

## न्यूज अपडेट्स

### आठ पशुओं के साथ पशु तस्कर गिरफ्तार

**पाटन :** नावाजयपुर पुलिस ने 8 पशुओं के साथ पथलमार गांव के पास से एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। नावाजयपुर थाना अंतर्गत नौडीहा गांव निवासी इस्लाम अंसारी (45) पिता स्व गुलबहार मियां है। इस संबंध में नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार पशु तस्कर को नावाजयपुर थाना कांड संख्या 41/24 दर्ज कर अवैध पशु तस्करी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उसके पास से 7 भैंस व एक काड़ा जब्त किया गया है।

### कमलेश सिंह ने पुल का किया शिलान्यास

**हुसैनाबाद :** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को हैदरनगर कबरा कला मुख्य पथ में परता गांव के समीप मुरही नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस सड़क का निर्माण पहले से चल रहा है। ग्रामीणों की मांग पर पुल निर्माण कार्य को स्वीकृत कराकर मंगलवार से कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। जर्जर पुल होने की वजह ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। विधायक ने पुल निर्माण कार्य के अलावा विधायक कोटा की अन्य कई योजनाओं का भी ऑनलाईन शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ कराया।

## विस चुनाव ▶ घोषणा होते ही गढ़वा जिला प्रशासन हुआ सक्रिय

# 25 तक नामांकन

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग के प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद गढ़वा जिला प्रशासन ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुनाव की सारी तैयारियां पूरी कर लेने की घोषणा की। डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर ने कहा कि 18 अक्टूबर से प्रत्याशियों का नामांकन शुरू हो जायेगा। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीसी ने कहा कि प्रत्याशी 25 अक्टूबर तक अपना नामांकन दर्ज करा सकेंगे। 28 अक्टूबर को स्क्रुटनी किया जायेगा। 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। 13 नवंबर 2024 को मतदान कराया जायेगा। जबकि 23 नवंबर 2024 को मतगणना की जायेगी। गढ़वा जिले में दो पूर्ण विधानसभा क्षेत्र हैं। जिसमें गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लिये कुल 455 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें 210 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं। इन मतदान केंद्रों पर 4 लाख 15 हजार 107 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरूषों की संख्या 2 लाख 13 हजार 618 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख एक हजार 489 है। वहीं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 502 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें 237 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं। इन मतदान केंद्रों पर कुल मतदाता 4 लाख 37 हजार 798 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 2 लाख 26 हजार 547 पुरूष मतदाता एवं 2 लाख 9 हजार 251 महिला मतदाता शामिल हैं। इसी तरह डाल्टनगंज विधानसभा का गढ़वा जिला अंतर्गत भंडरिया एवं बड़गड़ प्रखंड में कुल 55 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें 51 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं। इसी तरह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा जिला अंतर्गत मझिआंव, कांडी, बरडीहा प्रखंडों में कुल 158 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें 87 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं।



### पदाधिकारियों के बीच दायित्वों का बंटवारा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने चुनाव को निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिये कई कोषांगां एवं उसके पदाधिकारियों की भी घोषणा की। जिसमें पर्सनल एवं कम्प्युटराईज सेल के लिये डीडीसी को नोडल पदाधिकारी बनाया है। वहीं ईवीएम मैनेजमेंट सेल के लिये रंका एसडीओ को जिम्मेवारी दी है। इसी तरह इलेक्ट्रोरल रोल सेल के लिये गढ़वा बीडीओ, ट्रेनिंग सेल के लिये एसी राज महेश्वरम, एमसीसी, लॉ एंड ऑर्डर सेल के लिये डीडीसी गढ़वा, कंपलेन मॉनिटरिंग सेल के लिये डीएसओ गढ़वा, स्वीप कोषांग के लिये डीसी एलआर रंका, आईटी सेल के लिये डीआईओ एनआईसी गढ़वा, पोस्टल बैलेट सेल के लिये एसी गढ़वा, मीडिया एवं पब्लिसिटी सेल के लिये डीपीआरओ गढ़वा, मैटेरियल डिस्ट्रीब्यूसन सेल के लिए डीसी एलआर गढ़वा को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह कुल 22 कोषांग बनाये गये हैं। जिसके नोडल पदाधिकारी एवं अस्सिटिंग ऑफिसर तय किये गये हैं।

### जिले में सुरक्षा होगी कड़ी : एसपी

प्रेस कॉन्फ्रेस में उपस्थित एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया है। चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्य की सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। इसके लिये सीमावर्ती राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों से वार्ता भी की गई है। संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। वहीं मतदान कर्मियों को पूरी सुरक्षा के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचाया जायेगा एवं मतदान के बाद वापस लाया जायेगा। चुनाव के मध्येजनर पारा मैलिट्री फोर्स को भी प्रतिनियुक्त किया जायेगा।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाने पर झामुमो ने जताया आभार

बंशीधर न्यूज

**सगमा :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि प्रतिमाह एक हजार से बढ़ाकर ढाई रुपये करने की घोषणा किये जाने पर झामुमो नेताओं एवं लाभुकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया है। मंगलवार को सगमा बाजार स्थित हरिदास यादव के आवास पर झामुमो नेताओं की बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में मंईयां सम्मान योजना के लाभ ले रही बड़ी संख्या में महिला को शामिल थी। मौके पर योजना का लाभ ले रही लाभुकों ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महिलाओं के प्रति जो सम्मान दिया है आज तक कोई भी सरकार ने ऐसा सम्मान नहीं दिया है। कहा कि रक्षाबंधन पर हम लोगों को एक हजार रुपये मिला था इसके बाद दूसरा व तीसरा किस्त भी मिला। अब सरकार ने कैबिनेट में ढाई रुपए की घोषणा की है जो स्वागत योग्य है। मौके पर हरिदास यादव ने बताया कि झारखंड सरकार झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किसान का कर्ज, 200 यूनिट बिजली मुफ्त, उपभोक्ताओं का बकाया बिल माफ सहित कई जन कल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया है। झारखंड में ऐसा कभी भी विकास नहीं हुआ था जो इस 5 वर्ष में हुआ है। इसके लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व क्षमता को दशार्ता है। नेताओं ने कहा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लागू कर 18 से 50 वर्ष के महिलाओं को जो सम्मान दिया है। आज तक किसी ने नहीं दिया है। दिसंबर माह से ढाई हजार आना शुरू हो जायेगा, इससे महिलाएं स्वावलंबी बनेंगी और प्रत्येक परिवार में समृद्धि आयेगी। मौके पर रमेश यादव, घूरन यादव, सुनील कुमार, बसंत पाल, किरानी पासवान, उदय विश्वकर्मा, राजेश्वर यादव, हीराचन्द यादव, गीतांजलि देवी मीना देवी, अमरावती देवी, चंचला देवी, सरीता देवी, कमला देवी, सुशीला देवी, विमला देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।




### सिंगरा में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में जीयर स्वामीजी महाराज ने कहा

# भगवान की उपासना से मनुष्य को मिलते हैं बुद्धि और ज्ञान

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** सिंगरा में चल रहे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में कथा के दौरान जीयर स्वामीजी महाराज ने कहा कि दत्तात्रेय ऋषि अत्रि और अनसूईया के पुत्र रूप में प्रकट हुये थे। तीनों शक्तियों से समाहित भगवान दत्तात्रेय सर्वव्यापी हैं। उनकी उपासना से मनुष्य को बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति होती है। शत्रु बाधा दूर करने में भी उनके मंत्र बहुत कारगार माने जाते हैं। उनके मंत्र का निरंतर जाप करने से मनुष्य के जीवन में सिर्फ कष्ट ही दूर नहीं होते, बल्कि अगर आप पितृ दोष के कारण परेशान हैं तो उनका भी समाधान तुरंत हो जाता है और पितृ देव की कृपा प्राप्त होने लगती है और जीवन सुखमय हो जाता है। जीयर स्वामी जी ने कहा कि भगवान दत्तात्रेय ने 24 गुरुओं से शिक्षा ली थी। दत्तात्रेय और उनके गुरुओं की सीख को जीवन में उतारने से हमारी सभी दिक्कतें दूर हो सकती हैं और जीवन में सुख-शांति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि सहनशीलता पृथ्वी से सीखें। पृथ्वी अच्छे-बुरे हर प्राणी का भार एक समान सहन करती है। एक समय पिंगला नाम की वेश्या थी। दत्तात्रेय ने उससे सीख ली थी कि सिर्फ पैसों को महत्व नहीं देना चाहिये। जब पिंगला के मन में वैराग्य जागा तो उसे समझ आया कि सच्चा सुख पैसों में नहीं, बल्कि परमात्मा के ध्यान में है। एक दिन दत्तात्रेय ने देखा कि कबूतर का जोड़ा जाल में फंसे बच्चों को देखकर खुद भी जाल में फंस गया। कबूतरों के जोड़े से दत्तात्रेय ने यह सीख ली कि बहुत ज्यादा मोह दुःख का कारण है। उन्होंने जीवन में कई चीज देखें और उनसे हर बार एक नई चीज सीखी। हरिद्वार से आये पीठाधीश्वर स्वामी बैकुंठनाथजी महाराज, काशी से आये जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी मुक्ति नारायण, आरा से आये स्वामी अयोध्यानाथ जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे हैं। महायज्ञ के तीसरे दिन मंगलवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शहर सहित आस पास क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव के महिला-पुरुष सुबह से ही परिक्रमा में विधिवत पूजा अर्चना कर रहे हैं। इस दौरान श्रीमन्नारायण, लक्ष्मीनारायण के उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक यज्ञ हवन हो रहा है।



### नौशाद सेवा सदन का उद्घाटन



**मझिआंव :** गढ़वा–मझिआंव मुख्य रोड स्थित पुराने अस्पताल के समीप नौशाद सेवा सदन का उद्घाटन डॉ यासिन अंसारी ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि मझिआंव जैसे सुदूर प्रांत में नौशाद सेवा सदन का खुलना मझिआंव के लिये गर्व की बात है। इस सेवा सदन में अनुभवी चिकित्सक जनरल फिजिशियन डॉ इसरार अंसारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ जेबा के द्वारा बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान की जायेगी। इस सेवा सदन के खुल जाने से मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड के लोगों को अन्यत्र जगह जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सेवा इस सदन में उपलब्ध है। वहीं नौशाद सेवा सदन के प्रोपराईटर हाजी मजहर अली अंसारी ने कहा कि इस सेवा सदन में अनुभवी चिकित्सकों एवं अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा सभी प्रकार की ऑपरेशन की बेहतरीन सुविधा है। मौके पर हाजी अशफाक, हाजी अमीरुद्दीन अंसारी, डॉ मुतुर्जा, डॉ नेयाज अहमद, शलीम अंसारी, शिक्षक बैजनाथ विश्वकर्मा, परवेज अंसारी, नौशाद अंसारी, शिक्षक शमीमुद्दीन अंसारी के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विधायक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन




**कांडी :** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के खिलाफ बाप बेटा हटाओ, विश्रामपुर विधानसभा बचाओ, बैनर तले विरोध मार्च निकाला गया। विधायक से छुब्ध भाजपा कार्यकताओं सहित अन्य लोगों ने यह विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च में शामिल दर्जनों लोगों ने हाथों में वैनर लिये पेट्रोल पम्प से कपूर्री चौक तक यह विरोध मार्च निकाला। विधायक का विरोध कर रहे लोगों ने कपूर्री चौक पर कहा कि आज विश्रामपुर विधानसभा के सातों प्रखण्ड में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी तथा उनके पुत्र ईश्वर सागर चंद्रवंशी के विरुद्ध आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा के कार्यकताओं का कहना था कि बाप–बेटा दोनों का कहना है कि पार्टी का सिंबल हमारे पॉकेट में है। इसलिये इन दोनों को छोड़कर भाजपा जिन्हें भी टिकट देगी, हम लोग जोरदार तरीके से विजयी बनाने का काम करेंगे और अगर इन्हें टिकट देती है तो हम सभी अपना वोट नोटा में डालेंगे और इनका समर्थन नहीं करेंगे। इस प्रकार भाजपा को विश्रामपुर विधानसभा से हार का सामना करना पड़ सकता है। मौके पर विनोद ओझा, सत्येन्द्र चौबे, प्रिंस कुमार, वेद प्रकाश शर्मा, प्रकाश कुमार, राजेश गुप्ता, संतोष यादव, गुड्डू यादव, कमलेश यादव, पिंटू राम, अजय कुमार, संजय गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

### सम्मान समारोह का आयोजन



**कांडी :** प्रखंड के सोहगाड़ा गांव के दुर्गा पूजा पंडाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नाट्य कला के सदस्यों ने दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूजा समिति के सदस्यों ने सभी प्रकार के समाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने के लिये, लालजी राम, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र राम, सुधीर कुमार रजक, सुरेश राम, अजय राम एवं गौतम गोविंदा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूजा समिति के संयोजक, ललित बैठा, विश्वनाथ राम, अध्यक्ष नंदकिशोर राम, उपाध्यक्ष अजीत गुप्ता, महामंत्री विनोद मिस्त्री, सचिव दया राम, उप कोषअध्यक्ष दिलीप कुमार रजक, नाट्य कला के निदेशक मदन मोहन राम, रघुनी साव, आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चचेरे ससुर आत्मा प्रसाद सिंह का निधन



**रमना :** रमना थाना क्षेत्र के गोसाईबाग निवासी एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चचेरे ससुर शिक्षाविद आत्मा प्रसाद सिंह का निधन सोमवार की प्रात: रांची स्थित काठीटाड़ निवास पर हो गया। अंतिम संस्कार मझिगांवां के सतबहिनी नदी मुक्तिधाम पर मंगलवार की दोपहर किया गया। मुखाग्नी जेष्ठ पुत्र आशुतोष कुमार ने दिया। आत्मा प्रसाद सिंह पिछले कुछ दिनों से रांची स्थित आवास पर रह रहे थे। आत्मा सिंह एलएलबी की उपाधि धारण करने के साथ रामगढ़ कॉलेज में अल्पकालिन व्याख्याता भी रह चुके थे। वे अपने पीछे दो पुत्र और तीन पुत्रीओं का भरापुरा परिवार छोड़ गये हैं। इनके निधन पर भाजपा नेता व विधायक भानू प्रताप शाही, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, प्रमुख करुणा सोनी, शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व प्रमुख मृत्युंजय कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत कुमार सोनी, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार सिंह, अधिवक्ता कृष्ण कुमार सिंह, झामुमो के नागेद्र कुमार सिंह, रोहीत वर्मा, अनुज कुमार सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाने पर झामुमो ने मनाया जश्न



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** झारखंड कैबिनेट में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि प्रतिमाह एक हजार रुपए से बढ़ाकर ढाई हजार रुपए किये जाने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। मंगलवार को शहर के रंका मोड़ घंटा घर के समीप बाजा गाजा के साथ मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। झामुमो नेताओं ने कहा कि झारखंड की लोकप्रिय हेमंत सोरेन सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर ढाई हजार रुपए करने की कैबिनेट में मंजूरी दी है। यह राज्य की बहन बेटी के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इससे उन्हें काफी सहयोग मिलेगा। इस कार्य के लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित पूरे मंत्रीमंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया है। मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चन्दा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, दीपमाला, अराधना सिंह, आलमगीर अंसारी, शरीफ अंसारी, फरीद खान, नीलू खान, साकिर खान, धनंजय पासवान, चन्दन पासवान, फूजैल अहमद, अहमद अंसारी, आशिष अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पलामू को मिले दो गोल्ड व एक सिल्वर

**मेदिनीनगर :** रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित 18 वीं झारखंड राज्यस्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू को दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल मिला है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुये हाई जंप में संध्या कुमारी व डिस्कस थ्रो में शिवानी कुमारी गोल्ड तथा हाई जंप में मानसी सिंह ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल जगत में खुशी की लहर देखी जा रही है। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा व सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि इन खिलाड़ियों ने पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन समेत पलामू जिला का नाम रौशन किया है। खिलाड़ियों को शुभकामना व बधाई देने वालों में पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन सह एथलेटिक्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, एथलेटिक और खो-खो एसोसिएशन संरक्षक महेंद्र कुशवाहा, पलामू योगासन संघ के सचिव अनिल कुमार पांडे, पलामू जिला वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद वूशु संघ के सचिव सुमित वर्मन, वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव अभिलाष चंचल, साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी, सचिव सिद्धार्थ कुमार, रायफल शूटिंग संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक, सचिव अशोक कुमार सिंह, शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद, एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार मेहता, एथलेटिक्स कोच रेशमा पाण्डेय, मोनू कुमार, प्रीति कुमारी, सोनी कुमारी आदि शामिल हैं।

## जांच ▶ एसडीओ ने मरीज बनकर किया निरीक्षण

# अस्पताल की खुली पोल

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिला मुख्यालय में लंबे अरसे बाद कोई अधिकारी अजीबोगरीब अंदाज में नजर आये। अस्पताल की व्यवस्था की पोल उस समय खुल गई जब एसडीओ मरीज बनकर अस्पताल का जायजा लेने पहुंचे थे। एसडीओ संजय कुमार ने आम मरीज बनकर सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी लिया। सोमवार की देर रात्रि एसडीओ श्री कुमार ने सबसे पहले इमरजेंसी ओपीडी में पर्ची कटवाते हुये डॉ राजेश कुमार से कहा कि मेरी पत्नी को पेट में दर्द है, दवा लिख दीजिये। उसके बाद चिकित्सक के द्वारा कोई जवाब नहीं मिला। दोबारा कहने पर चिकित्सक ने एक सादा पर्ची उठाकर उसमें दो दवा लिखते हुये पर्ची को हाथ में देने के बजाय फेंक दिया। उसके बाद एसडीओ जमीन से पर्ची उठाते हुये सीधे दवा दुकान पहुंचे। जहां से दवा लेकर बाहर निकले।



जिसके बाद एसडीओ रांची जाने के लिये प्राईवेट एंबुलेंस की मांग करने लगे। उस दौरान एम्बुलेंस में चालक वह अन्य लोग शराब के नशे में जुआ खेल रहे थे। जब एसडीओ ने रांची जाने के लिये प्राईवेट एंबुलेंस चालक से किराया की बात की तो एंबुलेंस चालकों ने कहा कि रांची जाने के लिये 6500 रुपए देना होगा। एसडीओ द्वारा काफी रिक्वेस्ट करने बाद भी चालकों ने कहा कि 6500 रुपये से एक रुपये भी कम नहीं होगा। उसके बाद एसडीओ ने दूसरे वाहन से जाने की बात कही, तब एंबुलेंस चालक ने कहा कि यहां नंबर सिस्टम चलता है नंबर हमारा है हमारे अलावा यहां कोई भी एंबुलेंस की जाने की हिम्मत नहीं है। एसडीओ ने कहा कि जहां किराया हमें कम लगेगा हम एंबुलेंस से जाएंगे। उसके बाद एसडीओ ब्लड बैंक पहुंचे। इस दौरान एसडीओ ने ब्लड बैंक का दरवाजा बंद पाया। उन्होंने ब्लड बैंक का दरवाजा खटखटाते हुये आवाज लगाया। कुछ देर बाद कोई नहीं आया तो ब्लड बैंक के दरवाजे पर एक नंबर लिखकर लगाया हुआ था। उसी नंबर पर फोन किये जाने पर एसडीओ ने इमरजेंसी बताते हुये बी पॉजिटिव ब्लड की मांग की। लेकिन ब्लड बैंक के कर्मियों के ने कहा कि बी पॉजिटिव ब्लड नहीं है। यह कहते हुये फोन को रख दिया। इस संबंध में एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर अस्पताल में वे निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ब्लड बैंक में ताला बंद, बी पॉजिटिव ब्लड नहीं की बात, चिकित्सक के द्वारा मरीज के साथ अच्छे से व्यवहार नहीं करने, निजी एंबुलेंस की मनमानी किराया वसूली, ममता वाहन लोगों को समय पर नहीं मिलना, रात्रि में गार्निंग वार्ड में चिकित्सक नहीं रहने आदि व्यवस्था पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल की स्थिति फिलहाल ठीक नहीं है। उसे सुधारने के लिये डीसी को जांच रिपोर्ट सौंपा जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त किया जायेगा।

## मझिआंव में नये बीडीओ ने लिया प्रभार



**मझिआंव :** प्रखंड के नये बीडीओ श्रीमती कनक ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में योगदान दिया। इसके पहले बीडीओ सतीश भगत से उन्होंने प्रभार लिया। जिसमें पूर्व बीडीओ सतीश भगत, सीओ प्रमोद कुमार सहित सभी प्रखंड एवं अंचलकर्मियों ने नये बीडीओ श्रीमति कनक जो प्रखंड के 49वें बीडीओ के रूप में योगदान दीं हैं। उन्हें बुके, कलम-डायरी एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व बीडीओ ने कहा कि यहां हमें मात्र दस माह के कार्य अवधि में प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा काफी स्नेह- प्यार मिला जिससे पता ही नहीं चला कि कब समय बीत गया। अब नये बीडीओ के रूप में मैडम आई हैं इनके साथ आप सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी सहयोग करते हुये विकास कार्य को गति देंगे। ताकी ग्रामीणों का चहुंमुखी विकास हो सके। योगदान देने के बाद नये बीडीओ ने सबसे पहले सभी कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बताई कि यहां पर सबसे पहले वे विकास कार्य की प्राथमिकता देंगी। मौके पर सीओ प्रमोद कुमार, प्रखंड प्रधान लिपिक लव कुमार, सुषमा तिर्की, नाजिर जितेंद्र सिंह, बीपीओ अजीत सिंह, जनसेवक मुकेश कुमार पांडेय, परमानंद प्रसाद, मनरेगा लिपिक अखिलेश कुमार, सीआई धनलाल उरांव, कर्मचारी शैलेश कुमार महतो, संजीव कुमार पांडेय, दिवाकर सिंह, प्रेम शंकर पाठक, संतोष कुमार दुबे, राजाराम मेहता आदि उपस्थित थे।

## आठ दिनों से गायब किशोरी का शव कुएं से बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**विशुनपुरा :** थाना क्षेत्र के कोचेया गांव निवासी एस कुमार मेहता की 16 वर्षीय पुत्री सोनम कुमारी का शव घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित एक कुंआ से पानी मे तैरता हुआ मिला है। पानी में काफी दिन रहने से शव सड़ गल गया है। परिजनों के अनुसार युवती एक सप्ताह पूर्व 7 अक्टूबर को अपने घर से शाम रामायण सीरियल देखने गांधी चौक गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। थक हार कर परिजनों ने इसकी सूचना थाना को दी थी। मंगलवार को खेत तरफ घूमने गये ग्रामीणों की नजर काफी दुर्गंध दे रही कुएं में शव पर पड़ी। जिसकी पहचान कपड़े से कोचेया निवासी एस कुमार मेहता की पुत्री सोनम कुमारी के रूप में की गई। इधर सुचना पर मिलने पर थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिये गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## छठ महापर्व समिति की बैठक 18 को

**कांडी :** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में लोक आस्था का महापर्व छठ का विराट आयोजन किया जाता है। इस दौरान स्थानीय सभी गांवों के साथ साथ झारखंड के दूसरे जिलों व देश के कई दूरस्थ प्रदेशों के भी छठव्रती व उनके परिजन सामूहिक महाअनुष्ठान में भाग लेने सतबहिनी झरना तीर्थ आया करते हैं। निराहार व्रतियों, उनके परिजन व दर्शकों की बड़ी संख्या को मिलाकर यहां साढ़े तीन लाख लोग आया करते हैं। इस महाजुटान को ध्यान में रखते हुये संबंधित व्यवस्था को अंतिम रूप देने को लेकर 18 अक्टूबर को एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह व सचिव पं मुरलीधर मिश्र ने जानकारी देते हुये कहा कि 18 अक्टूबर की सुबह 10.30 बजे से बजरंगबली मंदिर प्रांगण में उक्त बैठक होगी। इस बैठक में समिति के सभी कोटि के सदस्यों यथा विशिष्ट स्थायी सदस्य, स्थायी सदस्य व सामान्य सदस्यों के साथ आम जनों को भी आमंत्रित किया गया है।

## सभी गांवों को कच्ची सड़क मुक्त गांव बनाना मेरा लक्ष्य : मिथिलेश

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में जिला मुख्यालय स्थित श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज से कोरवाडीह होते हुये पेसका तक 15 करोड़ रुपये की लागत से 14.3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस सड़क निर्माण की झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ



ही गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का कोरवाडीह गांव अब पूरी तरह से कच्ची सड़क मुक्त गांव बन गया है। जानकारी देते हुये गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि कोरवाडीह गांव की सभी कच्ची सड़कें अब पक्की बन चुकी हैं। साथ ही गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के कई अन्य गांव भी कच्ची सड़क मुक्त गांव बनने के कगार पर है। लगभग सभी गांवों की अधिसंख्य कच्ची सड़कें पक्की बन चुकी हैं। कुछ का निर्माण कार्य चल रहा है। शेष सड़कों की पक्कीकरण का कार्य पाईपलाईन में है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के सभी गांवों को कच्ची सड़क को मुक्त गांव बनाने का मेरा लक्ष्य है। इसी आधार पर वे लगातार काम कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विकास विरोधी लोग चाहे जितना भी चिल्लायें गढ़वा के विकास का पहिया रुकने वाला नहीं है। आने वाले समय में पूरे गढ़वा में कहीं भी कच्ची सड़क खोजने से भी नहीं मिलेगी। मंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में गढ़वा में सड़क, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, खेल, पर्यटन सहित सामाजिक एवं धार्मिक आदि सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। इन्हीं कार्यों की वजह से विरोधी अपना अस्तित्व बचाने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। वे अनर्गल बयान बाजी कर जनता को बरगलाने के लिये अपना पसीना बहा रहे हैं। परंतु गढ़वा के लोग सबकी असलियत जानते हैं। यहां के लोग विकास विरोधियों के बहकावे में आने वाले नहीं है।

## 24वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से

# तैयारियां पूरी, आज डीसी करेंगे उद्घाटन

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के मेजबानी में आयोजित 24 वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में 11 बजे होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर करेंगे। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुये संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिये 12



कमेटी बनाई गई है, कमेटी के सभी लोग अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार को राज्य के विभिन्न जिलों से 125 खिलाड़ी आ रहे हैं। वहीं गढ़वा के 35 खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को रहने के लिये टाउन हॉल, बंधन मैरिज हॉल और महिला आश्रय गृह में व्यवस्था की गई है। गढ़वा को एक बड़ी जिम्मेवारी मिली है उस जिम्मेवारी को सभी लोगों को मिलकर उसे बेहतर तरीके से पूर्ण करना है। प्रतियोगिता को निष्पक्ष और सफल बनाने के लिये अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के 12 रेफरी पहुंच रहे हैं। खिलाड़ियों के खेलने और भोजन व्यवस्था बंधन मैरिज हॉल में किया गया है। खिलाड़ियों को खेल मैदान तक आने और लाने के लिये वाहन की व्यवस्था की गई है। ताकि खिलाड़ियों को ट्रैफिक की समस्या से परेशानी ना हो। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष संजय सोनी, मोजीबुद्दीन खान, विजय सोनी, धनंजय कुमार सिंह, नंदकुमार गुप्ता, आमोद कुमार पाण्डेय, चंद्रभूषण सिन्हा, सुशील केशरी, संजय सोनी, प्रिंस सोनी, कमलेश दुबे अभय कुमार, रामाशंकर सिंह, रोशन धर दुबे, अजय कुमार ठाकुर, मनोज पाठक, संजय कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, नवनीत शुक्ला, प्रवीण मिश्रा, अभय कुमार, ऋषभ राज सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पूजा रही शांतिपूर्ण, एसडीपीओ ने दी बधाई

बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने भवनाथपुर में इस वर्ष दुर्गा पूजा के सफल और शांतिपूर्ण समापन पर थाना प्रभारी सहित पुलिस बल, बुद्धिजीवियों और गणमान्य व्यक्तियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने में सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे श्री बंशीधर नगर अनुमंडल में शांति और सद्भाव बना रहा। एसडीपीओ ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास तैयारी की गई थी। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की



तैनाती की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा यह देखना संतोषजनक है कि सभी समुदाय के लोगों ने मिलकर एक सुरक्षित वातावरण तैयार किया, जहां सभी लोग अपनी आस्था के साथ पूजा कर सके। उन्होंने स्थानीय लोगों की सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवी वर्ग और सामाजिक संगठनों ने आपसी सहयोग से इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने आगे कहा कि यह पर्व केवल धार्मिकता का प्रतीक नहीं बल्कि आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक विविधता का भी प्रतीक है। मौके पर थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, प्रदीप उरांव, निरंजन शर्मा, नारायण शर्मा आदि उपस्थित थे।



## 'किंग' में पिता शाहरुख के साथ दिखेंगी सुहाना खान

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान ने फिल्म 'द आर्चीज' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था, लेकिन यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी। अब सुहाना अपनी अगली फिल्म में सिल्वर स्क्रीन पर पिता शाहरुख खान के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'किंग' है और सुहाना इसके लिए जमकर तैयारी कर रही हैं। उनका जिम वर्कआउट वीडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में सुहाना खान कड़ी मेहनत करती नजर आ रही है। वह जिम में भारी वजन डम्बल उठा रही हैं और खूब पसीना बहाती नजर आती हैं। इस वीडियो को देखने के बाद फैन्स का कहना है कि उन्होंने पहली बार सुहाना को इस तरह वर्कआउट करते देखा है। इस वीडियो पर सुहाना की चचेरी बहन आलिया चिब्बा ने कमेंट किया है। फैंस भी खूब प्यार बरसा रहे हैं। उनकी खूबसूरती और फिटनेस की कई लोग तारीफ करते हैं। फिल्म 'किंग' की बात करें तो यह फिल्म का काम जनवरी 2025 में शुरू होगा। इसकी शूटिंग यूरोप में भी होगी। इसका निर्देशन सुजॉय घोष और निर्माण गौरी खान और सिद्धार्थ आनंद करेंगे। शाहरुख और सुहाना के अलावा अभिषेक बच्चन, अभय वर्मा भी नजर आएंगे। यह फिल्म ईद 2026 पर रिलीज हो सकती है।

## 'भूल भुलैया-3' में नजर आएंगी कियारा आडवाणी





कार्तिक आर्यन की भूल भूलैया-3' को लेकर उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है। इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होने के बाद से कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित 'भूल भुलैया-3' में क्या जादू करेंगी इस पर सबकी नजरें हैं। चूंकि मंजुलिका 'भूल भुलैया-3' में वापस आ रही हैं, इसमें कोई शक नहीं कि दर्शकों को एक हॉट स्टोरी लाइन देखने को मिलेगी। इसी तरह 'भूल भुलैया-3' में पिछले एपिसोड का एक किरदार दोबारा एंट्री करता नजर आएगा। कार्तिक आर्यन ने मीडिया से बातचीत के दौरान अनजाने में एक नाम ले लिया। कार्तिक ने कहा, ₹भूल भुलैया-3 के दो क्लाइमैक्स थे, जिसमें से हमें सिर्फ एक क्लाइमैक्स की स्क्रिप्ट दी गई थी। स्क्रिप्ट के आखिरी 15 पन्ने गायब थे। सिर्फ हम ही नहीं, बल्कि फिल्म के असिस्टेंट डायरेक्टर, प्रोडक्शन डिपार्टमेंट सभी हम उसी स्क्रिप्ट पर गए थे और हम कियारा के साथ शूटिंग कर रहे थे₹ ये कहते हुए कार्तिक सोच में पड़ गए और उन्होंने तुरंत कियारा का नाम बदल दिया विद्या बालन का नाम लिया। हालांकि बाद में कार्तिक को 'भूल भुलैया-3' में अपनी स्पीच वापस मिल गई कियारा अडवाणी को भूल भुलैया 3 देखने की संभावना है। कियारा ने कार्तिक के साथ 'भूल भुलैया-2' में काम किया था। 'भूल भुलैया-3' दिवाली के मौके पर 1 नवंबर को हर जगह रिलीज होगी। यह फिल्म रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' से क्लैश होगी, जो 2007 में आई भूल भुलैया की यह तीसरा पार्ट है।




## झारखंड विधानसभा चुनाव : भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक जारी

# पीएम मोदी देश से गरीबी हटाने के लिए कटिबद्ध : चुग

बंशीधर न्यूज

**रांची।** गरीबी को नजदीक से देखने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की सत्ता को संभाला है, गरीबों के उत्थान के लिए ही काम कर रहे हैं। मोदी देश से गरीबी हटाने के लिए कटिबद्ध हैं। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कही। चुग मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजत भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखण्ड प्रदेश के प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दे दिया गया है और तीन करोड़ नए पक्का मकान देने की योजना है जबकि 11 करोड़ घरों में शौचालय बने हैं और तकरीबन 11 करोड़ घरों में रसोई गैस सिलेंडर भी पहुंचाया गया। इतना ही नहीं 14 करोड़ घरों में नल से पीने का पानी भी पहुंचाया गया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि जब तक केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार है तब तक आरक्षण को खरोंच भी आने नहीं दी जाएगी। संविधान और आरक्षण को खत्म करने की कल्पना भी भाजपा के रहते नहीं की जा सकती है। उन्होंने कांग्रेस की नीयत और नीति पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा दशकों से चला आ रहा है। साथ ही

## भाजपा के रहते संविधान और आरक्षण पर खरोंच नहीं आएगी : लाल सिंह आर्या




कहा कि झारखंड विधानसभा में भाजपा प्रचंड बहुमत से साथ सरकार बनायेगी। झारखंड के 41 अनुसूचित जाति बहुल सभी सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ भोला सिंह ने कहा कि इस विधानसभा में चुनाव में अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश के सभी कार्यकर्ता टोली बनाकर गांव में घूम-घूम कर पार्टी के प्रति लोगों को जागरूक करने और वोट में तब्दील करना सबसे बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में बनी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने की जिम्मेदारी हम सभी की है और एससी मोर्चा इसमें बढ़-चढ़ कर भाग ले रहा है। झारखंड प्रदेश एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास में कहा कि विधानसभा चुनाव में मोर्चा की जिम्मेदारी ओर दायित्व काफी बढ़ जाता है। प्रदेश के सभी 41 अनुसूचित जाति बहुल सीटों पर जीत दर्ज करना सबसे प्रमुख उद्देश्य में से एक हैं। उन्होंने कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता गांव-गांव में टोली बनाकर और पार्टी के दिशा-निर्देश के आधार पर काम करेंगे तो सफलता जरूर कदम चूमेगी। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी अणिमा सोनकर ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को सोशल मीडिया से जोड़ने की जरूरत है।

## यह रोटी, बेटी और माटी बचाने का चुनाव : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। इसका भाजपा प्रदेश अध?यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्वागत किया है। मरांडी ने कहा कि बीते 5 सालों में बेरोजगारी, घुसपैठ, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टिकरण, दलित-आदिवासी-पिछड़े समाज का उत्पीड़न और झामुमो कांग्रेस राजद के जंगलराज से त्रस्त झारखंड की जनता-जनार्दन अब परिवर्तन चाहती है। यह चुनाव झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का चुनाव है। यह चुनाव युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड के गरीब, किसान, महिलाओं को उनका हक दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। मरांडी ने विश्वास जताया कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड के मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनाएंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की अत्याचारी और महाभ्रष्ट झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के विदाई की अंतिम गिनती शुरू हो चुकी है। दो चरणों में चुनाव का यह निर्णय स्वागत योग्य है।

## 2 दिन में 6 फ्लाइटों ने की आपातकालीन लैंडिंग

**नई दिल्ली।** पिछले 48 घंटों के दौरान कम से कम 6 विमानों की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई गई है। हालांकि सोशल मीडिया से मिली सारी धमकियां जांच के बाद फर्जी पाई गई हैं। एक



एक्स हैंडल से धमकी जारी होने के बाद मंगलवार को एयर इंडिया, इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस की तीन उड़ानें प्रभावित हुईं। धमकियों को दोपहर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनवेरिफाइड अकाउंट से पोस्ट किया गया था। एयर इंडिया, इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को आज धमकी मिलने के बाद आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी है। सउदी अरब के दम्मन से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई98 की जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स765 की दोपहर करीब 2 बजे अयोध्या में आपातकालीन लैंडिंग हुई। दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट एआई127 को धमकी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर कनाडा के इकालुइट एयरपोर्ट पर उतारा गया। इससे पहले कल मुंबई से तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों इंडिगो की दो और एयर इंडिया की एक को बम की धमकी मिली थी। शिकागो वाली फ्लाइट के बारे में एक बयान में एयर इंडिया ने कहा कि विमान और यात्रियों की निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार फिर से जांच की जा रही है। एयर इंडिया ने यात्रियों की सहायता के लिए एयरपोर्ट पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है, जब तक कि उनकी यात्रा फिर से शुरू नहीं हो जाती।

Hit लिस्ट

## अयोध्या में 2 नवंबर से 57 दिवसीय विश्व शांति महायज्ञ

**नई दिल्ली।** भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में 2 नवंबर से श्री महानारायण दिव्य रुद्र सहित शत सहस्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ



का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कलयुग में पहली बार और संभवत पूरे विश्व का अब तक का सबसे बड़ा महायज्ञ होगा। 2 नवंबर से 28 दिसंबर तक चलने वाला 57 दिवसीय यह महायज्ञ श्री कांची कामाक्षी अम्मा की प्रेरणा से हो रहा है, जो सनातन धर्म के प्रचार, विश्व शांति और वैश्विक कल्याण के लिए समर्पित है। राजधानी नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के डिप्टी स्पीकर हॉल में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती और चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

## धमकी के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**अयोध्या।** एअर इंडिया एक्सप्रेस के एयर क्राफ्ट को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी के बाद अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान की आपातकालीन सुरक्षित लैंडिंग कराई




गई। विमान में सवार 139 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। उसके बाद बम की तलाशी ली गई। फिलहाल विमान में तलाशी के दौरान बम नहीं मिला। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। समाचार लिखे जाने तक विमान में रखे सामानों की चेकिंग की जा रही है। हवाई अड्डे के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई है। ये विमान जयपुर से आ रहा था। अभी लगेज की जांच हो रही है।

### गृह विभाग की प्रधान सचिव व डीजीपी ने किया झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन

# झारखंड पुलिस की वजह से ही विकास के कार्य जमीन पर उतर रहे : वंदना दादेल

**रांची।** रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 में मंगलवार को 19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया।

मौके पर वंदना दादेल ने झारखंड पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि आज झारखंड पुलिस की वजह से ही विकास के कार्य जमीन पर उतर रहे हैं। झारखंड पुलिस बेहतरीन काम कर रही है, जिसे और बेहतर करना है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि राज्य की सुरक्षा के लिए अपराधियों का जेल में बंद रहना बेहद जरूरी है। बेहतर अनुसंधान से ही दोषियों को सजा दिलाई जा सकती है। इसके लिए झारखंड पुलिस लगातार काम कर रही है।



उन्होंने कहा कि आईटी, साइबर क्राइम, अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर भी दिन-रात पुलिस अधिकारी काम कर रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि अब हमें किसी अपराधी के प्रोफाइल के लिए छापेमारी करने और उसके पीछे भागने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि एक बटन दबाते ही उसका पूरा प्रोफाइल सामने आ जाता है। बेहतर तकनीक के बल पर अब कांडों का खुलासा संभव है। डीजीपी ने बताया कि पुलिस ड्यूटी मीट तनाव से भरे पल से निकलने का एक जरिया भी है। आने वाले दिनों में ऑल इंडिया पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए हमारे पुलिसकर्मी अच्छी तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान अनुसंधान की तरह-तरह के तरीके को भी प्रैक्टिकल रूप में दिखाया गया। इस दौरान सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज ने बताया कि बेहतर तकनीक, सूझबूझ, अनुसंधान के तौर तरीकों पर पुलिस खुद अपनी कसौटी पर कितनी खरी उतर रही इसके लिए हर वर्ष झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी झारखंड पुलिस के जवान बेहतर तकनीक के बल पर अपराधियों को सजा दिलाने के गुर सीखेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाली टीमों को मिलाकर राज्य की टीम तैयार की जाएगी, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान राज्य भर की आठ टीमों में शामिल 80 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के बीच मुकाबला होगा। इस दौरान फॉरेंसिक साइंस (लिखित), क्राइम जांच, कंप्यूटर अवेरनेंस, फोटोग्राफी, लिफ्टिंग पैकिंग, डॉग स्क्वायड एक्सप्लोसिव ट्रैक्टर, फिंगर प्रिंट, (प्रैक्टिकल व ओरल) जैसे विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)